D. B. College, Jaynagar
Deptt of Pol science
B.A III - Pub - Admini -

DR. A. K. Yadav
Asstt Prof. G.P.T.T
Political science
Date - 21-10-20

Lecture No - 23

[redacted]: मुख्य कार्यपालिका के कार्य
(Functions of chief Executive)

सामान्यतः मुख्य कार्यपालिका द्वारा दो प्रकार के कार्यों का सम्पादन किया जाता है - राजनीतिक तथा प्रशासनिक कार्य। मुख्य कार्यपालिका के राजनीतिक कार्यों के अन्तर्गत शासन की नीतियों एवं कार्यों के लिए वैधिक सहायता प्राप्त करना, उसे बनाये रखना तथा राष्ट्र को नेतृत्व प्रदान करना आदि आते हैं। ये सभी महत्वपूर्ण कार्य हैं, क्योंकि उनकी मुख्य कार्यपालिका द्वारा अवहेलना का अर्थ होता है - जनता का विश्वास खो देना, संकट को आमंत्रित करना और अन्ततः पद को खो देना।

मुख्य कार्यपालिका के प्रशासनिक कार्यों को लूथर गुलिक ने एक अंग्रेजी शब्द 'POSDCORB' में समाहित किया है, जिस शब्द से निम्नलिखित प्रशासनिक क्रियाओं का बोध होता है -

(1) P = Planning (योजना बनाना) - मुख्य कार्यपालिका प्रशासन के लक्ष्य एवं कार्यपद्धति के लिए एक योजना बनाती है, तब जाकर प्रशासनिक कार्यों को क्रियान्वित करती है।

(2) O - organising (संगठन करना) - प्रशासनिक लक्ष्य प्राप्ति के लिए मुख्य कार्यपालिका को विभागों एवं उपविभागों को संगठित करना होता है।

Scanned with CamScanner

(3) S = Staffing (कर्मचारियों की नियुक्ति) - मुख्य कार्यपालिका का प्रशासनिक कार्यों में कर्मचारियों की नियुक्ति, उनका प्रशिक्षण तथा कार्यानुकूल परिस्थितियों का निर्माण भी काफी महत्वपूर्ण माना जाता है।

(4) D = Directing (निर्देश देना) - मुख्य कार्यपालिका संगठन के सर्वोच्च स्थान पर है जिसका प्रमुख प्रशासनिक कार्य पूरे संगठन को सही दिशा में निर्देश देना है। दूसरे शब्दों में, मुख्य कार्यपालिका को उद्यम के एक नेता के रूप में कार्य करना पड़ता है।

(5) CO - Co-ordinating - (समन्वय करना) - संगठन के बीच जिस प्रकार निर्देशन आवश्यक है, उसी प्रकार संगठन में संलग्न व्यक्तियों के बीच तथा उनके कार्यों के बीच समन्वय भी आवश्यक है। इस समन्वय सम्बन्धी कार्यों की अंतिम जवाबदेही मुख्य कार्यपालिका पर होती है।

(6) R = Reporting (प्रतिवेदन देना) - इसका अर्थ यह होता है कि कार्यपालिका को अभिलेख, अनुसंधान तथा निरीक्षण द्वारा अपने अधीनस्थों के साथ स्वयं अपने आपको भी अवगत रखना होता है।

7- B - Budgeting (बजट बनाना) - बजट से सम्बन्धित तमाम कार्यों का सम्पादन, लेखांकन, नियंत्रण तथा उस पर अंतिम निर्णय आदि कार्य मुख्य कार्यपालिका के जिम्मे ही होते हैं।

End

Scanned with CamScanner